समाचार

# शिक्षा स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार की गौरवशाली उपलब्धियॉ–महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने किया बलगी हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्राओं को सायकल वितरण)




कोरबा 04 अप्रैल 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, अधोसंरचनात्मक विकास, गांव, गरीब, किसान, मजदूर के हितों सहित विकास के विभिन्न क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की सरकार ने बेहतर कार्य करते हुए गौरवशाली उपलब्धियॉ हासिल की है। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सभी स्कूलों के उन्नयन व जीर्णोद्धार कराने का संकल्प लिया है तथा स्कूलों का उन्नयन व जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज बलगी हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित सायकल वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। शासन की महत्वपूर्ण योजना सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलगी की छात्राओं को सायकल दिए जाने का कार्यक्रम आज विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने छात्राओं को सायकलों का वितरण किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपने उद्बोधन में महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि सरस्वती सायकल योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के तहत विद्यालयीन छात्राओं को निःशुल्क सायकल उपलब्ध कराई जाती है, उन्होने कहा कि सायकल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने जाने में काफी सुविधा हो जाती है, उनके समय व श्रम की बचत होती है। उन्होने

आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयासों से बलगी हाई स्कूल को हायर सेकेण्डरी स्कूल के रूप में उन्नयन किया गया है, जिसके लिए मैं सबको बधाई देता हूॅं, यहॉ की छात्र–छात्राओं को अब ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा की पढ़ाई के लिए अन्य स्कूलों में नहीं जाना पड़ता है। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य ने विद्यालय का भवन व बाउण्ड्रीवाल निर्माण की मांग रखी, जिस पर महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि इस विषय को वे राज्य शासन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे तथा पूरा प्रयास किया जाएगा कि भवन व बाउण्ड्रीवाल का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए।

कार्यक्रम के दौरान सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य मस्तुल सिंह कंवर, प्राचार्य श्रीमती ललिता साहू, विनोद अग्रवाल, व्याख्याता संजय राठौर, श्रीमती नीलिमा दीन, रेणुका साहू, शेख अलताब, सरफुदिन आलम, श्रीमती मीना कर्ष, मधु राठौर, सरिता पवार, श्रीमती खैरवार आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।